हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

06 दो दिवसीय राज्य स्तरीय ओलिंपियाड चैंपियनशिप...




07 एसडीएम ने बनवाया ऐसा एप जो खुले बोरवेलों ...





## खबर संक्षेप

### राजस्व अधिकारियों की बैठक आज

**सीहोर।** जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक 12 जनवरी को आयोजित की जाना है। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने बताया कि राजस्व अधिकारियों के विभिन्न कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन दोपहर 2.30 कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जाना है। अपर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि बैठक में समय पर उपस्थित होवें।

### छात्रवृत्ति व आवास एप्लाई की अब 31 जनवरी तक

**सीहोर।** शैक्षणिक 2023-24 के लिए MPTAASC पोर्टल पर अनुसूचित जाति और जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास एप्लाई एवं डाटा अपलोड के लिए पूर्व में निर्धारित तिथि 31 दिसंबर 2023 से बढ़ाक़र 31 जनवरी 2024 कर दी गई है। संस्था में अध्ययनरत कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन से वंचित न रहे और अंतिम तिथि तक सभी विद्यार्थी डाटा अपलोड करें।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### भोपाल-इंदौर हाईवे स्थित क्रिसेंट रिसोर्ट में आयोजित हुई चिंतन बैठक

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आरएसएस और बीजेपी ने कोर ग्रुप की बैठक में किया महामंथन

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. सत्यनारायण जटिया मंचासीन थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





मध्यप्रदेश में बीजेपी ने अब लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। इसी को लेकर गुरुवार को सीहोर में भोपाल-इंदौर हाईवे पर स्थित क्रिसेंट रिसॉर्ट में सत्ता, संगठन और संघ का महामंथन हुआ। इस चिंतन बैठक में संघ (आरएसएस), भाजपा कोर ग्रुप के सदस्य, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी कैबिनेट के प्रमुख सदस्य, सांसद और केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 29 सीटों को जीतने और 22 जनवरी को अध्योध्या में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के रोड मैप लेकर विचार विमर्श किया गया।

क्रिसेंट रिसोर्ट में सुबह दस बजे से सत्ता, संगठन और संघ जुडे लोगों को आना शुरू हो गया था। बैठक से पहले क्रिसेंट चौराहे को सुरक्षा की दृष्टि से छावनी में तब्दील कर दिया गया था। बैठक में शामिल होने आने वाले अतिथियों को ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया जा रहा है। दोपहर शाम करीब चार बजे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अलाहदाखेड़ी स्थित हेलीपेड पर पहुंचे। जहां विधायक सुदेश राय, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम यादव ने स्वागत किया। सीएम मोहन यादव के रिसोर्ट पहुंचने के बाद चिंतन बैठक शुरू हुई। जो देर शाम तक चलती रही। सूत्रों के अनुसार चिंतन बैठक में नेताओं को लोकसभावार चुनाव की जवाबदारी सौंपी गई। वहीं 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और इस मुद्दे को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर भी चर्चा की गई।

**पवैया बोले- कांग्रेस की विनाश काले विपरीत बुद्धि :** वरिष्ठ भाजपा नेता जयभान सिंह पवैया ने कहा कि बीजेपी एक मात्र ऐसा दल रहा, जिसने राम मंदिर आंदोलन में संघर्षमय कदम से कदम मिलाकर साथ दिया। हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण घड़ियां हैं। राम दीपावली कैसे मनाई जाए, आज हम इस पर भी बात करने वाले हैं।

रामलाला की कृपा के बिना कुछ संभव नहीं है। कांग्रेस का श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल नहीं होना। विनाश काले विपरीत बुद्धि के अलावा मैं क्या कह सकता हूं। अपने अतीत के प्रायश्चित करने का उनके पास बहुत अच्छा मौका था, लेकिन कांग्रेस ने उसे गंवा दिया। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णनन के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि अच्छा है, कांग्रेसियों में सद् बुद्धि आ गई है। हजारों में से किसी एक ने अच्छी बात कही है। उन्हें धन्यवाद। उन्होंने कहा- जब कोई राजनीतिक दल की बैठक होती है तो उसमें रणनीति तो बनती ही है। लोकसभा चुनाव मुहाने पर हैं, इसलिए स्वभाविक है कि इस पर चर्चा होगी। उन्होंने लाड़ली बहना को लेकर कहा कि कांग्रेस को इस योजना से क्या लेना-देना। उन्होंने बहनों के लिए किया क्या है। उनके पास अनर्गल आरोप लगाने के अलावा बचा क्या है।

### प्रदेश की सभी 29 सीटें जीतेंगेः शिवराज

बैठक में शामिल होने पहुंचे पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा हम प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटें जीतेंगे, उसी को लेकर बैठक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश देश में दूसरे स्थल पर रहा है। साथ ही इंदौर हमेशा की तरह स्वच्छता में सातवें आसमान पर है। सभी प्रदेशवासियों को बधाई।

### हर लोकसभा से 10 हजार लोग लाने का लक्ष्य

भाजपा 26 जनवरी से 25 मार्च के दौरान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के लिए हर लोकसभा क्षेत्र से 10 हजार लोगों को अयोध्या भेजेगी। इस दौरान देशभर से करीब 3.5 करोड़ कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचेंगे। इसे 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी से जोड़ कर देखा जा रहा है। इतने बड़े पैमाने पर 'अयोध्या चलो दर्शन करो' अभियान को सफल बनाने, इनके रुकने, भोजन, सुरक्षा व दर्शन की तैयारी अयोध्या में की जा रही है।

**नारायण सिंह कुशवाहा ने गणेश मंदिर में की पूजा-अर्चनाः** मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा भी बैठक में शामिल होने सीहोर पहुंचे। बैठक से उसके पहले उन्होंने गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना की। इस मौके पर कुशवाहा समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व पार्षद संतोष कुशवाहा मौजूद थे।



### कस्बा क्षेत्र में आज निकाली जाएगी कलश शोभायात्रा

**सीहोर।** आज हिंगलाज माता मंदिर से मातारानी एवं देवी देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना कर बैडबाजों ढोल ढमाकों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कलश शोभा यात्रा करबा क्षेत्र के बजरिया सहित प्रमुख मांगों से होकर हनुमान फाटक मंदिर परिसर में पहुंचेगी। हनुमान फाटक मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। श्रद्धालुओं के मध्य भागवत भूषण कथा व्यास पंडित रविशंकर तिवारी संपूर्ण कथा का संगीतमय वाचन करेंगे। प्रतिदिन भव्य पंडाल में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे का श्रीमद भागवत कथा होगी। कथा कार्यक्रम को लेकर पं हरीश तिवारी ने बताया की श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ श्री हनुमान फाटक के प्रमुख पुजारी पं. शेषनारायण तिवारी के मार्गदर्शन में मुख्य यजमान की विशेष उपास्थित में किया जाएगा। हिंगलाज माता मंदिर भावसार समाज करबा से शुक्रवार सुबह 11 बजे कथा प्रांगण तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। आगामी 18 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन होगा। इसी मध्य श्रीकृष्ण रुकमणी मंगल विवाह के समय कस्बा निवासी कुमारी मानसी पुत्री बाबूदास बैरागी का विवाह राहुल पुत्र मनोहर दास बैरागी ग्राम गुराडिया के साथ सम्पन्न होगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुजनो आमंत्रित किया है।

# मप्र पेंशनर्स समाज ने अपनी लंबित मांगों के निकराण के लिए सीएम को संबोधित विधायक सुदेश राय को सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज द्वारा सभी पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर विगत कई समय से संघष्ज्ञ किया जा रहा है, परन्तु अभी तक इनकी मांगे पूर्ण नही हो सकी है, जिसको लेकर जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर के नेतृत्व में पुनः विधायक श्री सुदेश राय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उप प्रांत अध्यक्ष के.एल.बैरागी द्वारा ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि दिनांक 01 जुलाई 2023से 4 प्रतिशत मंहगाई राहत केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत है। इसके अनुरुप म0प्र0 के पेंशनर्स भी 01 जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत मंहगाई राहत स्वीकृत करने का कष्ट करें। म0प्र0 के लाखों पेंशनर्स की भी समय से लंबित मांगों की और आपका ध्यान आकर्षित करना चाहेंगे। छटवें वेतनमान का 01 जनवरी 2006 से सितम्बर 2008 तक 32 माह का एरियर एवं सातवें वेतनमान का एरियर 01 जनवरी 2016 से मार्च 2018 तक 27 माह का बकाया मंहगाई राहत का एरियर का शीघ्रतिशीघ्र भुगतान करने के आदेश प्रसारित किया जावे।

मप्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य में बीजेपी की सरकारें हैं म0प्र0 छत्तीगढ़ बंटवारे का अधिनियम की धारा 49/6 में विलोपित करने हेतु दोनों राज्यों की सहमति आवश्यक है।

उपरोक्त धारा की विलोपित करने से पेंशनर्स को राहत राशि भुगतान में परेशानी नहीं होगी। अतः दोनों प्रदेश सरकारें उपरोक्त धारा को विलोपित करेंगी तो पेंशनर्स को राहत राशि भुगतान सुविधा होगी। दिनांक 31 दिसंबर एवं 30 जून को सेवानिवृत्त पेंशनर्स को पूरे वर्ष की वेतनवृद्धि स्वीकृत की जावे।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में पेंशनर्स का कोटा निर्धारित किया जावेगा। निशक्त एवं 65 वर्ष को आयु से अधिक पेंशनर्स को वरीयता प्रदान करते हुए बैंक पृथक से बैंक काउंटर खोलने के लिये बैंकों को निर्देशित किया जावे। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से उप प्रांत अध्यक्ष के.एल.बैरागी, जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर, गोपालदास सोनी, बेनी प्रसाद कुशवाहा, चन्दरसिंह ठाकुर, प्रहलाद सिंह भगतजी, दिनेश जोशी, एल.एस.सेन, नर्बदा प्रसाद, लखनलाल सेन, दिनेश राठौर सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# युवा दिवस पर आज होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

### जिला स्तरीय कार्यक्रम आवासीय खेलकूद परिसर में होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस वर्ष भी 12 जनवरी 2024 को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन आवसीय खेलकूद परिसर में प्रातः 09 बजे से आयोजित किया जाएगा। हर वर्ष् की भाँति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी 2024 को युवा दिवस के रूप मनाया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ आशीष तिवारी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम आवासीय खेल परिसर में सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में प्रभारी कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

प्रभारी कलेक्टर तिवारी ने बताया कि समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं, आश्रम शालाओं, पंचायतों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी, शैक्षिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम को अधिक व्यापक एवं सफल बनाने की दृष्टि से स्वयंसेवी संगठनों तथा आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं जनसामान्य में चेतना जागृत कर कार्यक्रम को अधिक व्यापक बनाया जाएगा।

राज्य शासन द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 जनवरी 2024 को नियत किया गया है। जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमास्कार का आयोजन आवसीय खेलकूद परिसर में प्रातः 09 बजे से 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी 2024 को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिले की समस्त शिक्षण संस्थाओं, महाविद्यालयों, पंचायतों तथा आश्रम शालाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन नियत किया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, वन्देमातरम तथा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा, तत्पश्चात पूर्व की भाँति रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री का रिकार्डेड संदेश प्रसारित किया जाकर सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम संपन्न होगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ एक संकेत पर किया जायेगा।

सामूहिक सूर्य नमस्कार में कक्षा 6 वीं से 12वीं तक के तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थी शामिल होंगे। प्राथमिक शाला में कक्षा 01 से कक्षा 05 तक के बच्चे सूर्य नमस्कार करने में शामिल नहीं होंगे, लेकिन वे दर्शकों के रूप में उपस्थित होंगे तथा इच्छुक व्यक्ति किसी भी शिक्षण संस्था में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकें। सूर्य नमस्कार में छात्राएं सलवार सूट/ ट्रेक सूट तथा छात्र स्कूली गणवेश/ट्रेक सूट में सम्मिलित होंगे । सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में किसी भी संस्था अथवा छात्र/छात्रा का भाग लेना पूर्णतः स्वैच्छिक होगा।

### 356 क्रांतिकारियों को शहीद समाधी स्थल पर दी जाएगी श्रद्धांजलि

**सीहोर।** नगर में सैकड़ाखेड़ी मार्ग पर स्थित शहीदों के समाधि स्थल पर आगामी 14 जनवरी रविवार को पुष्पांजली समारोह का आयोजन रखा गया है। भारतीय इतिहास की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में शहीद हुए सैनिकों की समाधि स्थल पर सुबह 10.30 बजे पुष्पांजली कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। शहीद सिपाही बहादुर स्मारक निर्माण समिति के अध्यक्ष ओमदीप महामंत्री आनन्द गॉधी ने नगर के सभी वर्ग के लोगों से इस दिन बड़ी संख्या में समाधी स्थल पर पहुँचकर अपने स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों का स्मरण करने का आव्हान किया है। स्वतंत्रता आंदोलन से समृद्ध सीहोर नगर में भी अंग्रेजी शासन काल के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ अनेक आंदोलन हुए थे। भारतीय इतिहास में सन 1857 में पहला स्वतंत्रता आंदोलन हुआ था। इसी आंदोलन में सीहोर नगर की तत्कालीन सैनिक छावनी के सैनिकों ने भी अंग्रेजी शासन के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका था। प्रतिवर्ष 14 जनवरी को शहीद सिपाहियों की सैकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित समाधियों पर पुष्पांजली का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें नगर के सम्मानीय नागरिकगण भी उपस्थित होते हैं। समिति ने नगर के सभी वर्गों के लोगों, राजनैतिक, अराजनैतिक युवा वर्ग से निवेदन किया है कि वह बड़ी संख्या में 14 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे सैकड़ाखेड़ी मार्ग पर अपने शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### देश का 50वां स्वच्छ शहर बना सीहोर, नपाध्यक्ष बोले हासिल करेंगे पहला स्थान

# स्वच्छता सर्वेक्षणः 17 पायदान का सुधार, संभाग में हम टॉप पर, ऑल मप्र में तीसरे स्थान पर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पिछले साल के स्वच्छता सर्वेक्षण के नतीजे गुरूवार को जारी हुए है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 के लिए यह सर्वे जनवरी 2020 में किया गया था। इस दौरान 6 हजार अंकों का सर्वेक्षण अलग-अलग स्तर पर किया गया था। इसमें ऑनलाइन और भौतिक सत्यापन, टीम का सर्वे और नागरिकों के फीडबैक भी शामिल थे। सीहोर शहर की रैंकिंग में सुधार हुआ है और देश का 50 वां और प्रदेश का तीसरा एवं भोपाल संभाग में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित सीएमओ और पार्षदों के अलावा क्षेत्रवासिशों ने खुशी जताई और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मित्रतों की मेहनत के अलावा शहरवासियों की जागरूकता के कारण रैंकिंग में सुधार हुआ है। पहले हम देश में 67 वे स्थान पर थे, लेकिन अब हम देश में 50 वां स्थान हासिल किया है। हम सभी के प्रयासों से आने वाले दिनों में शहर को नंबर एक बनाने के लिए मिलकर का करना होगा। नगर पालिका द्वारा शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की कवायदों को शुरू कर दिया गया था। कचरा गाडियों के घर- घर जाकर कचरा कलेक्शन करने से लेकर कूड़ाघर और नालियों की नियमित सफाई का क्रम अनवरत जारी रहा। इसके अलावा सैकड़ाखेड़ी मार्ग, पुराना हाईवे, टाउनहाल के सामने, नदी चौराहा आदि स्थानों को युद्धस्तर तरीके से सुंदर बनाने के सकारात्मक प्रयास किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने का निरंतर विशेष सफाई अभियान चला रहे। काम नहीं करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आगामी समय में व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्लान तैयार कर काम किया जाएगा।

नगर पालिका स्वच्छता प्रभारी का कहना कि हमने लक्ष्य बनाया है, जिस पर हम लगे हुए है। गत वर्ष हमारी रैंकिंग 68 थी सभी समाजसेवियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया था। जो जरूरी मापदंड होते हैं, उन पर कार्य किया। चारों तरफ कार्य चल रहे हैं, लेकिन नगर पालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रण लिया था कि मिलकर प्रयास करेंगे, जिससे रैंकिंग में सुधार आए। यह सभी समाजसेवियों के साथ मिलकर हमने कर दिखाया है।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर ठेका किया गया निरस्त

### दो कन्स्ट्रक्शन कंपनी के 33 गावों की नल जल योजना के कार्यों का ठेका निरस्त



**सीहोर।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत घोर लापरवाही बरतने और कार्य समय सीमा नहीं करने पर मेसर्स डल्लू कन्स्ट्रक्शन कंपनी एवं मेसर्स अम्बकेश्वर स्टील प्राईवेट लिमिटेड का ठेका निरस्त कर दिया गया है। गत दिनों जल जीवन मिशन के निर्माण के कार्यों की समीक्षा के दौरान लापरवाही और कार्यों में विलम्ब होना पाये जाने पर इन कम्पनी के 33 गावों की नलजल योजना के अनुबंध निरस्त कर दिए गए हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपाल अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने बताया कि मेसर्स डल्लू कन्स्ट्रक्शन कंपनी एवं मेसर्स अम्बकेश्वर स्टील प्राईवेट लिमिटेड द्वारा जिले के आष्टा विकास खण्ड एवं सीहोर में जल जीवन मिशन के कार्य किए जा रहे थे। कार्यों की समीक्षा के दौरान लापरवाही पाए जाने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ठेका निरस्त करने के निर्देश दिए गए थे।

इन दोनों कन्स्ट्रक्शन कंपनियों के कुल 33 ग्रामों की नलजल योजना के कार्यों के अनुबन्ध निरस्त किये गये हैं। इसमें मेसर्स डल्लू कन्स्ट्रक्शन कंपनी के अनुबन्ध क्रमांक 09/21-22 अंतर्गत ग्राम मोलूखडी, जताखेडा, हरनाबदा, बडघाटी, कन्नौदमिर्जी एवं मेसर्स अम्बकेश्वर स्टील प्राईवेट लिमिटेड के अनुबन्ध क्रमांक 01/2021 2022 अंतर्गत ग्राम पाडलिया, सिराडी, कनपोन, सतपोन, मगरदीखुर्द एवं सरखेडा अनुबन्ध क्रमांक 40/2021-2022 अंतर्गत कुल 22 ग्रामों के कार्यो का अनुबन्ध निरस्त कर दिया गया है। इस प्रकार कुल 33 ग्रामों की नलजल योजना के कार्यों के अनुबन्ध निरस्त किये गये हैं।

खबर संक्षेप



### विहिप नगर कार्यकारिणी ने संतों को दिया आमंत्रण

**सीहोर।** आश्रम और मंदिर पहुंचकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की नगर कार्यकारिणी ने संतो को अयोध्या में आयोजित श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महत्सव का आमंत्रण दिया। हंस दास मठ के संत हरिराम दास महाराज,खेड़ापति हनुमान मंदिर बडिय़ाखेड़ी के संत संजय दास महाराज, राम जानकी मन्दिर अधिकारी मंदिर बडिय़ाखेडी के श्रीहरि दास महाराज के चरण स्पर्श कर प्रांत प्रचार प्रमुख मध्य भारत प्रांत विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जितेन्द्र ,अलखराज राठौर प्रचार प्रसार प्रमुख, परम परमवीर जाट नगर अध्यक्ष,क्षितिज श्रीवास्तव नगर सह विशेष संपर्क प्रमुख,दीपक पुरोहित आदि विहिप कार्याकार्ताओं ने अयोध्या में आयोजित श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महत्सव का आमंत्रण दिया। समस्त संतों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान कर कार्यकर्ताओं को आशिर्वाद प्रदान किया।

करीब दस लाख छात्रों में से 208 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय पर किया था क्वालिफाइ

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय ओलिंपियाड चैंपियनशिप का शुभारंभ, 20 छात्रों का फाइनल राउंड में होगा चयन

### बच्चों के समग्र विकास में शिक्षक और अभिभावक बच्चों को जैसा गढ़ेंगे वैसा वे बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में सत्र 2023-24 में अध्ययनरत कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंग्लिश ओलंपियाड (वर्ड पावर चैंपियनशिप) का जिला मुख्यालय स्थित शासकीय चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय मे प्रारंभ हो गया है। इस आयोजन का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी एवं ओलिंपियाड के राज्य नोडल अधिकारी डॉ आरपी त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर अशीष तिवारी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों का बौद्धिक विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा 95 प्रतिशत अंक लाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बच्चों का बौद्धिक विकास बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे बच्चों को जैसा गढेंगे, वे वैसा ही बनेगे। उन्होने कहा कि ओलंपियाड प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक अच्छा प्लेटफार्म है। राज्य स्तरीय ओलंपियाड में शामिल होने के लिए आए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में ओलंपियाड के राज्य नोडल अधिकारी डॉ आरपी त्रिपाठी एवं सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर, डीपीसी रमेश राम उइके, प्रदेश भर से आए शिक्षक, अभिभावक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### प्रदेश के सभी जिलों से 208 छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक पहुंचे सीहोर

ओलंपियाड में राज्य स्तर की परीक्षा 11 और 12 जनवरी गुरुवार और शुक्रवार को सीहोर जिले में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों के करीब एक लाख शिक्षकों ने करीब 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों को संकुल स्तर की परीक्षा में शामिल करवाया था। जिसमे सेमी फाइनल राउंड के लिए 208 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। ये सभी विद्यार्थी अपने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता के लिये सीहोर पहुँच हैं। आज 11 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में इन चयनित 208 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों राज्य स्तरीय फाइनल राउंड के लिए चयन किया जायेगा। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड और पुरस्कार वितरण का आयोजन 12 जनवरी को किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ड पावर चैंपियनशिप के लिए देशभर के अलग-अलग राज्यों से दो लाख शिक्षकों के 16 लाख से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया है। मध्यप्रदेश में राज्य स्तर पर आयोजित की जा रही इस इस प्रतियोगिता में 4 राउंड होंगे। जिसमे मुख्यतः रीडिंग, स्पेलिंग और शब्दकोश पर आधारित परीक्षा ली जाएगी। जिसमे कक्षा 2 से 5 तक के प्रत्येक कक्षा के 5 विद्यार्थी स्टेट लेवल की प्रतियोगिता में एक दूसरे से मुकाबला करेंगे। स्टेट फिनाले के अंतिम विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जैसे पहले विजेता के लिए चैंपियन ट्रॉफी, टैबलेट, बाइसिकल और स्कूल किट का वितरण किया जायेगा। साथ ही पहले विजेता के स्कूल को टावर स्पीकर, माइक और स्पोर्ट्स किट वितरित की जाएगी। इतना ही नहीं, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को टैबलेट, टावर स्पीकर, सर्टिफिकेट, स्कूल किट आदि जैसे आकर्षक पुरुस्कार दिये जायेंगे।




## जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर निर्वाचन कराए जाने आवश्यक प्रबंध के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंचायत सदस्य सीहोर के वार्ड 08 के रिक्त पद की पूर्ति के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम में आयोग द्वारा आंशिक संशोधन किया गया है।

आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों का कड़लाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये गये है। निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार मतदान 27 जनवरी 2024 को होगा और विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम के माध्यम से मतों की गण 30 जनवरी को की जायेगी। तथा मतों का जिला मुख्यालय पर सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषण 31 जनवरी को की जायेगी।

## शासकीय महाविद्यालय शाहगंज में नैक क्राईटेरिया के तहत स्वच्छता का आयोजन



**सीहोर।** शासकीय महाविद्यालय शाहगंज में गत दिवस नैक क्राईटेरिया - 7 प्रभारी डॉ.आसिफ जहॉ के अन्तर्गत एवं नगर परिषद के सहयोग से नर्मदा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता दी अभियान का आयोजन नैक कॉर्डिनेटर डॉ.विजी नायर एवं प्रभारी प्राचार्य आभा कनेरिया के संरक्षण में किया गया।

## विश्व हिन्दी दिवस पर गोष्ठी के साथ पौधा रोपण का आयोजन



**सीहोर।** इस साल भी शहर के सोया चौपाल के समीपस्थ श्रीराधेश्याम विहार कालोनी के विशाल परिसर में बुधवार की सुबह विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर गोष्ठी के साथ पौधा रोपण का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला संस्कार मंच की ओर से कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी और मंच के संरक्षक सुमित भानु उपाध्याय ने मंडी थाना प्रभारी गिरीश दुबे, सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, प्रवीण तिवारी, अलाउद्दीन खान, सेवा निवृत्त अर्मी के जवान शशी प्रकाश तिवारी, मोहन गोस्वामी और तुलसीराम परमार आदि का सम्मान किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडी थाना प्रभारी श्री दुबे ने कहा कि दुनिया की सर्वाधिक बढ़ती भाषा हमारी हिन्दी है। जिस पर हमें गर्व होना चाहिए। इस दौरान मंच के संरक्षक श्री उपाध्याय ने कहा कि हिन्दी एक पूर्ण भाषा है। हिन्दी व्याकरण का कोई भी जानकार अन्य भाषा आसानी से सीख लेता है। सरकारी अधिकारियों द्वारा अंग्रेजी में लिखे आदेश के अनुवाद होने पर आमजन के लिए सिरदर्द बन जाते हैं। साक्षर से निरक्षर तक प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। यही इस भाषा की पहचान भी है कि इसे बोलने और समझने में किसी को कोई परेशानी नहीं होती।

## नवीन शिक्षक संवर्ग के लोकसेवकों को क्रमोन्नत वेतनमान समयमान वेतनमान प्राप्त न होने पर विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा विधायक श्री सुदेश राय को नवीन संवर्ग के लोकसेवकों को प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान/समयमान वेतनमान के सम्बंध में ज्ञापन सौपा गया । जिसमें बताया गया कि जिले में वर्ष 2018 से नवीन शिक्षक संवर्ग में कार्यरत लोकसेवकों को प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान / समयमान वेतनमान प्राप्त नहीं होने के कारण आज सैकड़ों शिक्षक विधायक श्री सुदेश राय के निवास पर एकत्रित हुए और उन्हें अपनी पीड़ा से अवगत कराया और कहा कि म0प्र0 के कई जिलों में नवीन शिक्षक संवर्ग के लोकसेवकों को इसका लाभ प्रदान कर दिया गया है। किन्तु सीहोर जिले में ही प्राप्त नहीं हुआ है। जिससे नवीन शिक्षक संवर्ग के लोकसेवकों में आक्रोश हैं। और इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर को कई बार मौखिक एवं ज्ञापन के माध्यम से भी अवगत कराया गया था किन्तु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई । ज्ञापन के अवसर पर विधायक महोदय से राज्य शिक्षक संघ द्वारा कैलेण्डर का विमोचन भी कराया गया । ज्ञापन के दौरान माननीय विधायक जी ने संघठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया गया कि इस सप्ताह में आपके क्रमोन्नत वेतनमान के आदेश शीघ्र जारी करा दिए जावेगें ।

ज्ञापन सौपने वालों में विश्वजीत त्यागी (जिलाध्यक्ष), संजय सिंह जादौन (संरक्षक/एपीसी), सुरेश गुप्ता (वि. शि.अधि.), अशोक वर्मा (बी.आर.सी.) जागेश्वर भगत, आलोक शर्मा (प्राचार्य), जगदीश मालवीय, संजय जैन, रितेश राठौर, आशीष शर्मा, उमेश शर्मा, मनोज दिशावरी, दीपक सावनेर, कैलाश यादव, सतीश राठौर, देवेन्द्र राठौर, अनिल नरोलिया, बहादुर सिंह मालवीय, अरुषेन्द्र शर्मा, विनोद मालवीय, दिनेश सिंह झाला, नीरज त्यागी, रघुनाथ मेवाड़ा, राजेश्वर तिवारी, विरेन्द्र व्यास, अमानत उल्ला खां, अबरारा सिद्धिकी, जाहींद अफजाल, जहिर खान, रामबाबू पाटिल, आदि प्रमुख थे।

## युवा मोर्चा नगर मंडल ने बालक-बालिकाओं को प्रदान किए गर्म कपड़े




**सीहोर ।** कड़ाके की ठंड मौसम से नन्हें बच्चों को राहत मिल सके एवं ठंड से बचाव हो सके इसको देखते हुए कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा चिंतामन गणेश मंदिर पर बालक बालिकाओं को स्वेटर एवं जैकेट प्रदान की गई।

इस अवसर पर युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय ,समीर सेन, विशाल पाटीदार ,आकाश रावत ,लवीश राजपूत ,सागर सोनी ,मयंक जोशी आदि उपस्थित रहे।ज्ञात रहे कि युवा मोर्चा सीहोर द्वारा प्रति वर्ष ठंड के मौसम को देखते हुए ऐसे ही ज़रूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े एवं स्वेटर जैकेट उपलब्ध कराई जाती है ।

## विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने शहर में निकाली सीताराम संकीर्तन यात्रा




**सीहोर।** बुधवार की रात विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल ने शहर में सीताराम संकीत यात्रा निकाली। सीताराम संकीत यात्रा का शुभारंभ भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। भगवा ध्वज के साथ सैकड़ों बजरंगियों ने जयश्रीराम का जयघोष किया। सीताराम संकीत यात्रा में ग्रामीण अंचलों की भजन मंडलियां शामिल रही।

विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के द्वारा अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने और आगामी 22 जनवरी सोमवार को आयोजित होने वाले प्राणप्रतिष्ठा महा आयोजन के उपलक्ष्य में शहर के भोपाल नाका स्थित हुनमान मंदिर से सीताराम संकीत यात्रा प्रांरभ की गई। सीताराम संकीत यात्रा इंग्लिशपुरा रोड से होते हुए कोतवाली चौराहा, बदरी महल चौराहा, पान चौराहा, बड़ा बाजार, अटल बिहारी वाजपेय चौराह से होते हुए मनकामेश्वर मंदिर पहुंची यह पर भगवान महाकाल की पूजा अर्चना कर हनुमान चालिसा पाठ किया गया। सीताराम संकीत यात्रा का अनेक स्थानों पर हिन्दू संगठनों और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्याकर्ताओं के द्वारा पुष्प वर्षा कर रामभकें का स्वागत किया गया।

सीताराम संकीत यात्रा में प्रमुख रूप से विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के प्रांत सह मंत्री सुनील कुमार शर्मा, प्रांत गौ रक्षा मंत्री अजीत शुक्ला, जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष पं मोहित राम पाठक जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकरजाट जिला उपाध्यक्ष जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा जिला संयोजक विवेक राठौर जिला सह मंत्री कमलेश जिला सह मंत्री मंगलेश वमाज़ जिला कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा जिला सह संयोजक आशीष सिसोदिया महेश मेवाड़ा सुरेश गुप्ता परमवीर सिंह संधू नगर आलेख राज राठोर उपस्थित हुए।

माता सावित्री ने जगाई भारत में स्त्री शिक्षा की प्रथम अलख

## माली समाज जाग्रति मंच और राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला संघ ने सावित्री बाई की उत्साह से मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




चलो गांव की ओर अभियान के अंतर्गत राष्ट्रमाता सावित्री बाई फूले की जयंती के अवसर पर आष्टा के ग्राम बोरखेड़ा में माली समाज जाग्रति मंच तथा राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला संघ के संयुक्त तत्वाधान में जयंती का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बामसेफ के प्रदेश महासचिव आरपी पोरवाल ने कहा माता सावित्री बाई फूले ने देश में स्त्री शिक्षा की पहली अलख जगाई और कई स्कूल खोले। इस दौरान काफी अपमान भी उन्हें सहना पड़ा लेकिन राष्ट्रपिता ज्योतिबा फूले के प्रयास और साहस से उन्होंने हौसला कभी नहीं हारा और निरंतर वंचित और शूद्र समाज को जाग्रत करने में लगी रहीं।

कार्यक्रम को बी.वी.एफ. के जिला कन्वीनर पी.एस.मालवीय, भारतीय युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जनम सिंह परमार, विद्यार्थी मोर्चा के जिला संयुक्त सचिव अनूप मंडोरिया, बामसेफ जिला महासिचव शैलेष शैल, माली समाज जाग्रति मंच से लोकेंन्द्र माली, नवीन बागवान ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी धूलसिंह मेवाड़ा धम्म के द्वारा किया गया। वक्ताओं ने माता सावित्री बाई फूले के द्वारा किए गए नारी जाग्रति प्रयास,खोले गए छात्रावास, स्कूल की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फूले का जन्म 03 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन को एक मिश न की तरह जीया। उनके नाम पर पुणे में एक विष्वविद्यालय है जो पूणे के उत्तर पष्चिम में स्थित है। यह भारत के प्रमुख विष्वविद्यालयों में से एक है। इसकी स्थापना 10 फरवरी 1949 को की गई। 400 एकड़ में फैले इस विष्वविद्यालय में 46 शैक्षणिक विभाग है। इसमें लगभग 307 मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान और 612 संबंध कॉलेज है जो स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करते है। सावित्री बाई फूले विष्वविद्यालय 2022 में एन.आई.आर.एफ. रैंकिंग में 12 वे स्थान पर रहा है। कार्यक्रम की सफलता के लिए राजेन्द्र बागवान, लोकेन्द्र माली, नरबत जाटव, अनिल बागवान, बलराम माली, दीपक जाटव, मोहन बागवान,संदीप मालवीय, अर्जून अहिरवार, रजनी माली, प्रमिला बागवान, महिमा बागवान का योगदान रहा।

## राष्ट्रपति ने बुधनी को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम आने पर किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दिल्ली के भारत मंडपम सभागार में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की घोषणा की गई एवं विजेता निकायों एवं शहरों को पुरस्कार वितरण किए गए । इसके साथ ही केंद्रीय शहरी आवासन एवं विकास कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के द्वारा भी विजेता नगरों को पुरस्कार प्रदान किए गए ।

इसी क्रम में नगर परिषद बुधनी को आज राष्ट्रीय स्तर पर वेस्ट जोन के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त करने एवं मध्य प्रदेश के एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में स्वच्छतम सिटी का दर्जा हासिल करने पर पुरस्कृत किया गया । साथ ही बुधनी नगर को वाटर प्लस सिटी का दर्जा एवं गार्बेज फ्री सिटी प्रमाणीकरण के अंतर्गत 3 स्टार शहर भी घोषित किया गया है। बुदनी को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा ट्विटर के माध्यम से बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं गई है. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी बुधनी नगर परिषद को एवं बुधनी के नागरिकों को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उल्लेखनीय है कि है की बुदनी नगर परिषद द्वारा विगत दो वर्षों से निकाय को वाटर प्लस का दर्जा दिलाने हेतु अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप बुधनी को राष्ट्रीय स्तर पर न सिर्फ पुरस्कृत किया गया, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर बुधनी अपनी एक अलग पहचान बनाने में भी कामयाब रही है।


### असुरक्षित बोरवेल, कुओं के फिजीकल निरीक्षण की जरूरत नहीं पड़ेगी

# एसडीएम ने बनवाया ऐसा एप जो खुले बोरवेलों की देगा जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत माह जिले के पिपलिया रसोडा गांव में खुले बोरवेल में गिरने से एक बच्ची के हुए निधन के बाद इस तरह के घटना की पुनरावृर्ति न हो, इसके लिए जिले में एहतियातन कदम उठाए गए हैं। नरसिंहगढ़ एसडीएम अंशुमान राज ने एक विशेष जीआईएस आधारित एप विकसित करवाया गया है। इस उन्नत तकनीक की सहायता से मैदानी अमले ने सिर्फ 2 सप्ताह में ही जिले के सभी उपखण्डों में 22 हजार से अधिक बोरवेल एवं कुओं की जियो टेगिंग एवं फोटोग्राफी करने में सफलता हासिल की। इस सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा के आधार पर एक एआई आधारित लर्निंग मशीन का विकसित की गई है। इस लर्निंग मशीन मॉडल का मुख्य उद्देश्य उपग्रह चित्रों के माध्यम से स्वचलित रूप से कुओं, बोरवेल की पहचान करना है। इस तरह का अनूठा मॉडल संभवतः प्रदेश में पहली बार विकसित किया गया है। अभी इस एप पर तकनीकी एक्सपर्टस द्वारा और कार्य किया जा रहा है।

**उपग्रह चित्रों के माध्यम से स्वचलित रूप से हो जाएगी खुले बोरवेलों की पहचान**






#### इस मॉडल के हैं अनेकों फायदे

यह मॉडल खुले और असुरक्षित कुओं की पहचान करके दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगा, जिससे भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सकता है। इस मॉडल का उपयोग करके जल संसाधनों का अधिक कुशलता से प्रबंधन किया जा सकता है, जिससे जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है।

#### समय और संसाधनों की होगी बचत

इस मॉडल के जरिए, पटवारियों और अन्य सरकारी कर्मचारियों को हर एक कुएं और बोरवेल का फिजिकल निरीक्षण करने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। इस तरह के इनोवेटिव समाधान पर्यावरण संरक्षण और जल सुरक्षा के क्षेत्र में सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होते हैं।

#### कलेक्टर के निर्देशों पर हुआ यह नवाचार

नरसिंहगढ़ एसडीएम राज की यह अभिनव पहल कलेक्टर हर्ष दीक्षित के निर्देशों पर की गई है। कलेक्टर दीक्षित बताते हैं कि विगत दिनों हुई दुर्घटना के पश्चात प्रशासन ने जिले में आपदा निवारण के लिए ठोस कदम उठाए हैं। इस सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा का उपयोग न केवल भूमि रिकॉर्ड को अपडेट करने में हो सकेगा, बल्कि भूजल अनुसंधान में भी यह कारगर साबित होगा।

### अन्य शिक्षकों की डीएलएड मार्कशीट भी हो सकती हैं फर्जी

# डीईओ ने संकुलों से मांगी ट्रांसफर होकर आए शिक्षकों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



तीनों शिक्षकों ने सिंगरौली में ली थी ज्वाइनिंग, बाद में राजगढ़ हुआ ट्रांसफर
फर्जी मार्कशीट से पाई नौकरी, 3 शिक्षकों की नियुक्तियां निरस्त


सिंगरोली जिले में डीएलएड की फर्जी अंकसूची से नौकरी पाने वाले 22 शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा विभाग ने निरस्त कर दी है। फर्जी दस्तावेजों से नौकरी के मामले को जिला शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी 74 संकुलों (जनशिक्षा केंद्रों) को पत्र भेजा है। इस पत्र से जानकारी चाही गई है कि अन्यत्र जिलों में नियुक्ति के बाद राजगढ़ जिले में ट्रांसफर करवाकर आए ऐसे कितने शिक्षक हैं। संभावना है कि करीब 25 ऐसे शिक्षक हैं जिन्होंने महीदपुर (उज्जैन) सहित अन्य जिलों में फर्जी अंकसूचियों से नियुक्ति पाई। नियुक्ति के बाद उन्होंने राजगढ़ में ट्रांसफर करवा लिया। ऐसे सभी शिक्षकों की जानकारी जनशिक्षा केंद्रों से मांगी गई है। जानकारी प्राप्त होने के बाद अब सभी शिक्षकों द्वारा नियुक्ति के समय लगाई गई डीएलएड की मार्कशीट सहित अन्य दस्तावेजों का पुनः सत्यापन करवाया जाएगा।

#### कार्रवाई करेंगे

सभी संकुलों को हम पत्र भेज रहे हैं कि कौन-कौन शिक्षक अन्य जिलों से नियुक्ति के बाद राजगढ़ के स्कूलों में ट्रांसफर करवाकर पदस्थ हुए हैं। जानकारी प्राप्त होने के बाद आगामी कार्रवाई करेंगे।

**देवेंद्र सिंह रघुवंशी, डीईओ राजगढ़**

#### कम्प्यूटर सेंटर संचालक फरार

कर्नाटक ओपन यूनिवर्सिटी की फर्जी मार्कशीट राजगढ़ की पीटी कंपनी में संचालित कम्प्यूटर सेंटर के संचालक द्वारा शिक्षकों को बनाकर दी गई थी। बताया जा रहा है कि इस कम्प्यूटर सेंटर संचालक के खिलाफ थाने में आवेदन दिए जाने के बाद से ही वह सेंटर बंद कर फरार हो चुका है। बहरहाल, जो भी हो लेकिन फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने के इस मामले में अभी और भी कईं नई परतें खुल सकती हैं।

### राजगढ़ की बेटी ने गुड़गांव में कमाई उपलब्धि



**राजगढ़।** राजगढ़ की बेटी डॉ. वसुधा शर्मा का होम्योपैथी पर किया गया रिसर्च इंटरनेशनल जर्नल ऑफ होम्योपैथिक साइंस में प्रकाशित हुआ है। वसुधा ने 'वेटलॉस पर होम्योपैथिक मेडीसन का असर' विषय पर यह शोध किया था। इंटरनेशनल जनरल ऑफ होम्योपैथिक साइंस ने इस पर उन्हें सम्मानित किया है। वसुधा शर्मा खादी बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा की पुत्री हैं जो गुड़गांव की डीएलएफ सिटी में सफल क्लीनिक का संचालन कर राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाईन कंसलटेंट के आधार पर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे रही हैं।

## विकासखंड योग समिति सारंगपुर की बैठक आयोजित



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश योग आयोग के दिशा निर्देशानुसार कार्यालय विकास खंड शिक्षाधिकारी सारंगपुर में ब्लाक स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विकास खण्ड योग समिति के अध्यक्ष रमेशचन्द्र जोशी, उपाध्यक्ष बीएस व्यास, पदेन सचिव विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बीएल सूर्यवंशी, सहसचिव अनिल कुमार सेन, एवं समिति सदस्य नरसिंह शर्मा विद्याधर कुम्भकार, हिमांशी सेन बैठक में उपस्थित रहे। बैठक का प्रारंभ ओम के मंत्र उच्चारण से किया गया, बैठक में योग प्रभारी अनिल कुमार सेन द्वारा समिति के सदस्यों को मध्यप्रदेश योग आयोग के द्वारा निर्देशित विचारणीय विषय से अवगत कराया गया। बैठक में सचिव सूर्यवंशी द्वारा सभी संकुल प्राचार्यों से ग्राम योग समिति गठन के बारे में मोबाईल से चर्चा की गई। जहां योग समिति का गठन नहीं हुआ है वहां शीघ्रता से गठन कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

### नपाध्यक्ष ने व्यवस्थित रूप से पोल लगाने ठेकेदार को दिए निर्देश

## सीधे 33 केवी लाइन से होगी जिला अस्पताल में बिजली की आपूर्ति



**राजगढ़।** जिला चिकित्सालय परिसर में 200 बिस्तरीय अस्पताल निर्माणाधीन है। इस अस्पताल के बनने के बाद राजगढ़ अस्पताल 500 बिस्तर के क्षमता का हो जाएगा। बड़े भवन में लगने वाली विभिन्न मषीनरी, उपकरणों के लिए बिजली की भी बहुत ज्यादा खपत होगी। इसके लिए बिजली विभाग द्वारा जिला अस्पताल परिसर को सीधे 33 केवी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 11 केवी लाईन से यहां बिजली की सप्लाई की जा रही है जो कि आने वाले दिनों में नाकाफी होगी। इसीलिए विभाग द्वारा 500 बेड के अस्पताल की विद्युत खपत को ध्यान में रखते हुए 33 केवी लाइन से जोड़ने का काम तेज गति से करवाया जा रहा है। इससे जिला चिकित्सालय में चैबीसों घंटे बिजली की आपूर्ति संभव हो पाएगी और बार-बार के फाल्ट व अन्य तकनीकी समस्याओं से निजात मिलेगी।

#### नपाध्यक्ष ने चेंज कराया लाइन का रूट

जिला चिकित्सालय को सीधे 33 केवी लाइन से जोड़ने विद्युत ठेकेदार द्वारा खिलचीपुर नाके से निकली लाइन को जिला अस्पताल तक पहुंचाने हेतु कार्य किया जा रहा है। इसके लिए जिला पंचायत से अस्पताल परिसर तक विद्युत पोल लगाए जा रहे हैं। लेकिन, जब उक्त पोलों को अव्यवस्थित रूप से लगाने की जानकारी नपाध्यक्ष विनोद साहू को लगी तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी विद्युत पोलों को सड़क से दूर बाउन्ड्रीवाल के अंदर व्यवस्थित रूप से लगाने के निर्देश बिजली ठेकेदार को दिए।

### वाहनों की टक्कर की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद, थाने में मामला दर्ज

**सारंगपुर।** नगर के आदर्श नगर में पर चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन में टक्कर हो जाने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद आपस पर दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घुसे चले। इसमें कुछ लोगों को चोटे भी आई है। इस मामले में पुलिस ने थाने में मामला पंजीबद्ध भी कर लिया है। थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी सुमित कतिया ने थाने पर पहुंचकर शिकायत करते हुए कहा कि आरोपित सतीश मिश्रा एवं सोनू मिश्रा सहित एक अन्य आरोपी ने मारपीट करते हुए जान से मरने की धमकी दी और जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया। फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर भादवि की धारा 294, 323, 506ध्34 3 (1) दा, 3(2) 5 का के तहत मामला दर्ज किया है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया



**सारंगपुर।** शासन की महत्वपूर्ण योजना लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा बुधवार को लाड़ली बहनों के खातों में राशि वितरित की गई, जिसका सीधा प्रसारण नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया एवं समस्त वार्डो की आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए व लाड़ली बहनो को सीधा प्रसारण दिखाया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों पर लाड़ली बहनो का स्वागत कर तिल के लडडु,गजक वितरित किये गये कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एंव पार्षदगणो द्वारा लाड़ली बहनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। साथ ही नगर के वार्डो की आंगनवाड़ी केंद्रों पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण करवाया और लाड़ली बहनो का पुष्प वर्षा एंव तिल के लडडु,गजक वितरित कर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में पार्षद सिधुलाल पुष्पद बाबूलाल अहिरवार गोपाल पाल सुनील बागवान भानुसिंह लववंशी कमला बाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी एलएस डोडिया महिला एंव बाल विकास अधिकारी सहित नगर पालिका कर्मचारी विनोद गिरजे अशोक दीक्षित मांगीलाल पुष्पद सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व लाड़ली बहने आदि उपस्थित थीं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में शिविर हो रहे आयोजित

**कालापीपल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले की जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में शिविरो का दौर लगातार जारी है। इसी के तहत आज जनपद पंचायत कालापीपल की ग्राम पंचायत बमुलियामुछाली एवं बेरछादातार तथा शुजालपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महुआखेड़ी एवं लसूड़लिया गौरी के शिविर में स्थानीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री राकेश पाटीदार, जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्री दीपसिंह राजपूत, कृपाल सिंह मेवाड़ा, सुरेश परमार, मुख्यकार्यपालन अधिकारी राजकुमार मंडल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण व विभिन्न विभागों



के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। सभी शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित भी किया गया। शिविरों में आमजनों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। शिविरों में उपस्थित ग्रामीण जनों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अलग-अलग स्टॉल भी लगाए गये थे। इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया गया। प्रचार रथ में एलईडी द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। कृषि विभाग के द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन कर ग्रामीणो को तकनीकी के माध्यम अपनी फसलों में कीटनाशक व अन्य दवाई छिड़कने की आसान विधि से अवगत कराया गया।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला बैठक हुई आयोजित



**कालापीपल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला बैठक गुरूवार को दोपहर 3 बजे अरनियाकलां मंडल के अलीसरिया ग्राम स्थित भोले डूंगरी पर आयोजित हुई,जिसमे युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा तय की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो जिला अध्यक्ष श्याम टेलर व जिला प्रभारी जयवर्धन जोशी उपस्थित रहे, आगामी दिनों में युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार नमो ऐप द्वारा मोदी जी से सीधे जुड़कर विकसित भारत एंबेसडर बनाने का कार्य करेगा एवं नव मतदाता सम्मेलन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोर्चे के जिलाध्यक्ष श्याम टेलर ने संबोधन स्वरूप कहा कि जिले में विकसित भारत एंबेसडर और नव मतदाता सम्मेलन किए जायेंगे इसको लेकर विस्तृत जानकारी समस्त जिला पदाधिकारी को दी गई है व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर मंडलश कार्य योजना बनाई जा रही है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी जयवर्धन जोशी रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री जुझार सिंह राजपूत ने किया।

### भाजपा नेता का सोशल मीडिया पर मामला वायरल के बाद एसपी ने लिया एक्शन

# संदीप मीणा होंगे देहात थाना प्रभारी प्रभारी मुकेश गौड़ हुए लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर के हाईवे पर स्थित देहात थाना में पदस्थ थाना प्रभारी मुकेश गौड़ पर एक राजनैतिक मामले को लेकर कार्रवाई हो गई है। इस कार्रवाई में जिले के पुलिस कप्तान धर्मराजसिंह मीणा द्वारा लाइन अटैच किया गया हैं। उसके बाद देहात थाना प्रभारी की कमान संदीप मीणा को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर मंगलवार रात के समय वरिष्ठ भाजपा नेता को प्रभारी द्वारा कुर्सी से उठाने का मामला वायरल हुआ था, उसके बाद सभी भाजपा के लोगों में टीआई के इस व्यवहार को लेकर नाराजगी झलकी और टीआई की शिकायत एसपी से की गई। अंततः बुधवार को एसपी ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी मुकेश गौड़ को लाइन हाजिर कर दिया और देहात थाना का प्रभारी संदीप मीणा को बनाया गया। जैसे ही आदेश जारी हुआ उसके बाद देहात थाना प्रभारी संदीप मीणा ने अपना कार्यभार संभाल लिया।



#### पूर्व में भी थाना प्रभारी रहे मीणा

देहात थाने के प्रभारी बनाए संदीप मीणा जो पूर्व में भी करनवास, बोड़ा प्रभारी रहे हैं। वे सुठालिया, पचोर एवं नरसिंहगढ़ थाने में पदस्थ रहकर उत्कृष्ट कार्य कर चुके हैं। ज्ञातव्य है कि संदीप मीणा करनवास रहते हुए करोड़ों की अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की थी। अपराधियों में नकेल कसने का काम भी उनके द्वारा किया गया हैं।

## पूजित अक्षत घर-घर जाकर आमंत्रण दे रहे राम भक्त



**जीरापुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जहां पूरे देश में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं नगर में स्वयं सेवक एवं राम भक्त धार्मिक श्रद्धा भाव उत्साह के माहौल में गीत गाकर घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत देकर आमंत्रण दे रहे हैं। बुधवारिया बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। राम भक्त गीत गाते हुए चल रहे हैं अयोध्या तो सजाई है मथुरा काशी भी सजाई है।

#### राम भक्त समूह में गीत भजन गाकर दे रहे पूजित अक्षत

नगर में समूह में जा रहे जिनमें प्रमुख रूप से खण्ड संघ चालक महेश जमींदार, गिरीराज गुप्ता भण्डावद, मोहनलाल मेंवाड़ें, कोमलसिंह जमींदार, दिनेश गुर्जर, विशाल गुप्ता, शैलेन्द्र जमींदार, अजय ,डा राघवेन्द्र वैघ, अर्पित जमींदार ,सुजान गुर्जर, विजय वैरागी सहित राम भक्तों ने गुर्जर मोहल्ला से शुरूआत कि जोकि माताजी मोहल्ला, कुशवाह मोहल्ला ,शाहजी मोहल्ला भावसार मोहल्ला बस स्टैंड के पीछे अक्षत दिए।

## विकसित भारत यात्रा के तहत समस्त योजनाओं का लाभ हर एक पात्र व्यक्ति तक पहुंचेः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

खिलचीपुर विधानसभा 163 के हर ग्राम स्तर पर हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा के तहत समस्त योजनाओं का लाभ हर एक व्यक्ति तक पहुंचे, योजनाओं से कोई नहीं रहे वंचित। ऐसे ही सार्थक उद्देश्यों को संपूर्ण रूप से पूरा करने केंद्र एवं मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के कर्मठ जनप्रतिनिधि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संबंधित विभाग के आला अधिकारियों के समक्ष सरलता के साथ आम जनता का रुका कार्य त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष समाधान हेतु प्रेषित किए जा रहे हैं। ग्राम सोनखेड़ा तथा देवली सांगा में नाटक के माध्यम से बड़ी सरलता योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रेरित



किया। साथ-साथ मध्य प्रदेश में भाजपा की मोहन सरकार जो गरीबों के हित में संवेदनशीलता के स्वरूप हर क्षेत्र में पारदर्शिता का रूप लेकर योजनाओं तथा जमीनी स्तर के सुलभ कार्यों को अग्रिम गति प्रदान कर रहे हैं जो सहजता के साथ हर ग्राम स्तर तक पहुंचाने का कार्य बड़ी सरलता के साथ भाजपा का हर कर्मठ कार्यकर्ता कर रहा है। ग्राम देवली सांगा में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर माल्य अर्पण मां सरस्वती को की। इसके पश्चात सर्व योजनाओं का विस्तार पूर्वक बखान किया गया। जिसमे यात्रा प्रभारी सुनील, मंडल अध्यक्ष निर्मल गुप्ता, महामंत्री स्वदेश शर्मा, महामंत्री रामबाबू नागर, बद्रीलाल रजक, दुर्गा प्रसाद वमार, रामगोपाल दांगी, मुकेश चौधरी, प्रवीण खटीक, बद्रीलाल दांगी राधेश्याम राजोरा दुर्गा प्रसाद पाटीदार एलकार सिंह यात्रा में उपस्थित रहे।

## रामदूत घर-घर पहुंचकर दे रहे अयोध्या पधारने का न्यौता




**राजगढ़।** आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की जन्मस्थली साकेत (अयोध्या) में नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्यतम आयोजन होना है। इसको लेकर पूरे देष में व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। इस एतिहासिक दिवस पर अधिक से अधिक रामभक्त अयोध्या पहुंचे इसके लिए विष्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक घर, द्वारों पर पहुंचकर लोगों को पीले चावल देकर न्यौता देने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में विहिप, बजरंग दल के तत्वाधान में रामधुन लागी भक्ति संस्थान की युवा टोली द्वारा नगर के वार्ड 4, वार्ड 5 इंदिरा कॉलोनी, आवास कॉलोनी, वाल्मीकि कॉलोनी, बीटीआई, पीजी कॉलेज सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरित किए। इस अवसर पर विष्व हिन्दू परिषद के जिला सत्संग प्रमुख गगन दुबे, जिला धर्मस्य पंडित अमित तिवारी, प्रखंड सत्संग प्रमुख बालकृष्ण मेवाड़े, प्रखंड नगर मंत्री हरीश सेन, सुदर्शन मेवाड़े, हषित सहित कईं युवा उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ससंघ किया मंगल विहार



**आष्टा।** आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के ससंघ मंगल विहार में हरियाणा के कासन तक नगर के युवा समाजसेवी शैलेन्द्र जैन शिल्पा, प्रमोद जैन, अंजली जैन, पारसमल जैन टीम के साथ शामिल हुए। विदित रहे कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में नगर के अरिहंतपुरम अलीपुर चंद्र प्रभु मंदिर का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सन 2014 में हुआ था। उक्त पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन शिल्पा थे। ऐतिहासिक पंचकल्याणक आचार्य भगवंत के ससंघ पावन सानिध्य में हुआ था।12 जनवरी से धारुहेड़ा में पंचकल्याणक आचार्य भगवंत विशुद्ध सागर महाराज के परम सानिध्य में होगा।

## इस बार बोर्ड परीक्षा में झूठे पेपर वायरल करने पर होगी कार्रवाई

**आष्टा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा इस वर्ष आयोजित हायर सेकंडरी और हाईस्कूल की परीक्षा में प्रतियोगी परीक्षा जैसी सख्ती की जाएगी। थाने से परीक्षा केंद्र तक पेपर पहुंचने के ट्रेकिंग एप के द्वारा की जाएगी। पेपर लेने थाने पहुंचने पर सेल्फी लेकर एप पर अपलोड करनी होगी। पेपर के लिफाफे अब कक्ष में ही खोले जाएंगे। इससे पहले ही विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में एंट्री लेना होगी। अब केंद्राध्यक्ष से 10 से 15 मिनट देर से पहुंचने की रियायत देने का अधिकार भी छीन लिया गया है। विद्यार्थी को तय समय पर ही परीक्षा कक्ष में पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्र पर केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष भी मोबाइल नहीं रख पाएंगे, जो पुलिसकर्मी अंदर होंगे उन पर भी मोबाइल नहीं होगा, सिर्फ परीक्षा केंद्र से बाहर रहने वाले पुलिसकर्मी और कलेक्टर प्रतिनिधि को ही मोबाइल फोन रखने की पात्रता होगी। परीक्षा में गोपनीयता को लेकर आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल के अफसरों ने सभी संभाग के संयुक्त संचालक, जिलों के डीईओ की बैठक में परीक्षा में गोपनीयता संबंधी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि पिछली बार प्रदेश में परीक्षा के दौरान केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष के मोबाइल फोन से ही परीक्षा के कुछ समय पहले पेपर वायरल कर दिए गए थे। इसके बाद इन अफसरों पर कार्रवाई करते हुए सस्पेंड किया गया था और एफआईआर भी दर्ज हुई थी। गोपनीयता भंग न हो इसलिए इस बार अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे।

### बगैर डेवलपमेंट के बेचे जा रहे प्लाट, फिर गायब हो जाते है कॉलोनाइजर

# नगर और ग्रामीण सीमाओं पर बिना स्वीकृति कच्ची सड़कें बनाकर काटे जा रहे प्लॉट



आष्टा। कृषि उपज मंडी के पीछे इस तरह काटी जा रही कॉलोनी।

### अधिकारी बेखबर - नगर में फिर से अवैध कॉलोनियों का खेल फिर हुआ शूरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





सपनों के के लुटेरों के खिलाफ हरि भूमि का अभियान

नगर में पुनः अवैध कॉलोनियों में प्लॉट काटकर बेचने का खेल फिर शुरू हो गया है। बिना किसी अनुमति और सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति लिए बिना ही नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र की सीमाओं में मुरम-मिट्टी से कच्ची सड़कें बनाकर इन अवैध कॉलोनियों में भोले भाले लोगों से मोटी रकम लेकर प्लाट बेचने का खेल शुरू हो गया है और प्रशासन एवं नगर पालिका को इसकी भनक तक नहीं है। जबकि हरिभूमि की मुहिम पर पहले भी नगर में अवैध कॉलोनियां काटे जाने के मामले में भूमि मालिकों पर मामले दर्ज हो चुके है। लेकीन कॉलोनाइजर हर बार की तरह कार्रवाई से बच निकलते ऐसे में इन कालोनाइजरों पर ठोस कार्यवाही नही होने से फिर से अवैध कालोनियों का खेल शूरू हों चुका है।

बगैर डेवलपमेंट के बेचे जा रहे प्लाट, फिर गायब हो जाते है कालोनाइजरनगरीय क्षेत्र के अलावा आसपास के इलाकों में अवैध कॉलोनियां बसा कर इन पर प्लॉट काट दिए हैं। बाकायदा चूने से लाइन और पत्थर गाड़ कर प्लॉट निर्धारित किए हैं। और हालत ऐसे है की शहर का ऐसा कोई इलाका नही बचा की जहां इन कालोनाइजरों ने अवैध कालोनियों का निर्माण नही किया हो;शहर में सबसे ज्यादा सेमनरी रोड़, घनश्यामपूरा, मुगली रोड़, कन्नोद रोड, थाने के सामने, कृषि उपज मंडी के पिछे, सुभाष नगर के पिछे, अलीपुर, डोराबाद रोड़, डाबरी रोड़ सहित कई अन्य इलाकों में भी अवैध कॉलोनियां बेखौफ होकर काटी जा रही हैं।

लिहाजा अवैध कालोनाइजर भोले भाले प्लॉट लेने वाले लोगों को भी गुमराह कर कलोनियो में डेवलपमेंट के बड़े बड़े सपने दिखा कर वैध कालोनी बताकर प्लाट बेच रहे है लोगों को इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं होने पर वे भी इन कॉलोनियों में प्लॉट खरीद रहे हैं। खास बात तो यह है कि प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारियों को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

## जिपं चुनावः 4 ने नाम लिए वापस, 9 प्रत्याशी है मैदान

### सभी को चुनाव चिन्ह किए आवंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




बुधवार 10 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 8 के 13 अभ्यार्थियों में से 4 अभ्यार्थियों ने अपने नाम वापस लिए हैं। अब चुनावी समर में 9 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इन सभी को चुनाव चीन आवंटित कर दिए गए हैं चुनाव लड़ने वालों में इंजीनियर महेंद्र सिंह भी शामिल है, जो विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के सुपुत्र हैं।

नाम वापसी के लिए दोनों राजनीतिक दलों के जिम्मेदार नेताओं ने प्रभावी पहल नहीं की, अन्यथा और भी नाम वापस हो जाते। मतदान 27 जनवरी को होगा।

विधायक बनने पर जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर का वार्ड क्रमांक 8 जिला पंचायत सदस्य का वार्ड रिक्त होने पर चुनाव प्रक्रिया चुनाव आयोग के निर्देशानुसार की गई। उक्त वार्ड में चुनाव हेतु एक महिला सहित 14 लोगों ने नामांकन फार्म जमा किए थे। जांच के दौरान एक नामांकन फॉर्म नो - डयूज नहीं देने पर निरस्त किया गया था। शेष 13 प्रत्याशियों में से 4 ने नाम वापस लिए हैं।उसके पश्चात चुनाव की स्थिति स्पष्ट हो गई। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने बताया कि चुनावी समर में शेष रहे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए जो इस प्रकार है

देवकरण सिंह तीर कमान, धर्मेंद्र परमार दो पत्तियां, दिलीप सिंह गोयल उगता सूरज ,कमल सिंह पतंग, इंजीनियर महेंद्र सिंह छाता ,नाथू सिंह परमार गाड़ी, राजकुमार लालटेन, सेवालाल सोलंकी फावड़ा और बेलचा, सुनील कुमार बिजली का बल्ब। श्री राजावत ने बताया कि उक्त जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान 27 जनवरी को ईव्हीएम से प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा।

## विहिप कार्यकर्ताओं ने घर-घर दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण देने का सिलसिला जारी है। बुधवार को ग्राम खाचरोद में विश्व हिंदू परिषद वह बजरंग दल द्वारा अयोध्या से आए पूजित अक्षत वह पत्रक ग्राम में घर-घर जाकर वितरित किए गए। इसी के साथ ही घरों के बाहर पांच दीपक और रंगोली बनाकर दिवाली मनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर लल्लू जाट, रेवा शंकर जाट, गणेश जाट, बलराम जाट, राहुल जाट, सोहन सोनी, कैलाश बैरागी, अनिल जाट, अरुण जाट, राहुल जाट, धर्मेंद्र जाट आदि लोग उपस्थित थे।

## वार्ड 18 में राम भक्तों ने ढोल-बाजे के साथ घर-घर पहुंचकर दिए अक्षत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



घर-घर अक्षत वितरण में बच्चों से लेकर बड़े बूढ़े भी इस कार्य में अपना सहयोग कर रहे हैं. यहां तक कि महिलाएं भी घर घर जाकर अक्षत और श्रीराम की अयोध्या की फोटो वितरण कर अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रही हैं।

इस दौरान मंगलवार को शहर के वार्ड 18 में साई कालोनी, चाचा की बगिया में बाबा रामदेव महिला मंडल ने अक्षत वितरण किए। जिसमे विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं स्वयं सेवक संघ के साथ वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में रामलला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत वितरित किए गए। इस दौरान बाबा रामदेव महिला मंडल की नीलिमा बैरागी, रानी राठौर, कला मेवाड़ा, विद्या परमार, कमला मेवाडा, लीला मेवाड़ा, ममता मेवाड़ा, ईश्वर मेवाडा,वार्ड 18 की पार्षद लता तेजपालकल्लू मुकाती, मनोहर भोजवानी, मनोहर बैरागी, ईश्वर मेवाड़ा सहित कई लोग मोजूद रहे।

## मेंटेनेंस के चलते आज चार घंटे होगी बिजली कटौती



**बिलकिसगंज।** 12 जनवरी को 132 केव्ही से निकलने वाली 33 केव्ही फीडर से संबधित उपकेंद्र के क्षेत्रों में करीब चार घंटे बिजली कटोती की जाएगा। बिजली कंपनी के सहायक यंत्री ने बताया कि बिलकिसगंज उप केंद्र में आने वाले कुंलास कला, अकिदाबाद, उलझावन से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रा में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाय बंद रहेगी। इस दौरान बिजली कंपनी के कर्मचारी आईटीसी बढियाखेड़ी के लिए 33 केव्ही के विद्युत के नया फीडर पर करेंगे। साथ ही 132 केव्ही बिलकिसगंज उपकेंद्र में भी जरूरी मेंटनेस का कार्य किया जाएगा। बिजली कंपनी के सहायक उपयंत्री ने बताया कि मेंटनेंस के दौरान आवश्यकता अनुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है।

## सुरक्षित यात्रा और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन मध्यप्रदेश सड़क विकाश निगम (एम.पी.आर.डी. सी.) के निर्देशन में डोडी पंचायत प्रशासन के साथ मिल कर सुरक्षित यात्रा के लिए देवास भोपाल फोर लेन सड़क से गुजरने पर बरती जाने वाली सावधानियों व यातायात नियमों का पालन करने के फायदों से अवगत कराया। डीबीसीपी एल प्रशासन सुरक्षित यात्रा व सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सड़क की अधिकतम गति सीमा को ध्यान में रख कर वाहन परिचालन करने एवं नियम पालन करने का निवेदन किया जा रहा है।

देवास भोपाल फोर लेन सड़क प्रशासन फोर लेन से लगे पंचायतों के साथ मिल कर वाहन चालकों से सुरक्षा से सफर करने की अपील कर रही है तथा नियम पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल दे कर सम्मान कर रही है। देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन ने बताया कि देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन पंचायतों प्रतिनिधियों के साथ मिल कर ग्रामीण वाहन चालकों को सुरक्षा के लिए हाइवे पर जानें पूर्व सावधानियों से अवगत कराने के साथ दुर्घटना संभावित बिन्दु जिसकी वजह से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना से अवगत करा रही है।

देवास भोपाल फोर लेन सड़क सुरक्षा नियमों को वाहन चालकों के मध्य साझा करने के साथ जगह जगह सुरक्षा एहतियात नुक्कड़ सभा आयोजित कर रही है। डीबीसीपीएल सी एस आर प्रशासन का उद्देश्य समाज की दुर्घटना से रक्षा एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है ताकी वाहन चालक व आम जन नियम न पालन करने के दुष्परिणाम से अवगत हो साथ ही वाहनों के पीछे रेडियम स्टीकर चिपका कर नियम पालन करने वाले वाहन चालकों को फुल व ग्रीटिंग काड्र्स दे कर सम्मानित कर रही है। साथ में हेलमेट, गतिसीमा, चौराहा पर सावधानी आदी नियमों को समझा रही है, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर डीबीसीपी एल मेंटेनेंस अधिकारी पियूष सिंह, सीएसआर प्रबन्धक, डोडी पंचायत के करन सिंह मामा, रतन सिंह जी, अर्जुन सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम सोलंकी, बाबुलाल सेन, घनश्याम परमार और कई वाहन चालक व नागरिक उपस्थित थे।

## राम भक्त घर-घर जाकर दे रहे कार्यक्रम का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



अयोध्या में चल रही भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण घर-घर पहुंचने का प्रयास संघ के कार्यकर्ताओं एवं राम भक्तों द्वारा हर घर निमंत्रण दिया जा रहा है। नगर के युवा राम भक्त टीम द्वारा घर-घर निमंत्रण दिया जा रहा है। इस दौरान प्रत्येक घर जो सनातनी है उनके घर ढोल बजाते हुए श्री राम जय जय जय राम गाते और भजन मेरी झोपडी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेंगे, जैसे भजन गाते हुए। भगवान श्री राम का ध्वज लेकर घर-घर पीले चावल, राम मंदिर का चित्र, एक राम मंदिर का स्टीकर हर घर तक दिया जा रहा है। साथी सभी नगर के नागरिकों से कह रहे हैं कि यह कार्य दीप उत्सव की तरह मनाने का काम करें, 16 जनवरी से 22 जनवरी तक अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उसे समय से लेकर हमको हमारे गांव शहर, कस्बा एवं वार्ड को ही अयोध्या बनाना है। हर घर दीप ले मंदिरों में साज सज्जा हो और मंदिरों में भजन कीर्तन, हवन आदि का कार्यक्रम, ऐसा प्रयास करें, प्रतिदिन नगर के युवा राम भक्त एवं वरिष्ठ घर-घर अक्षत कलश लेकर घर-घर जा रहे हैं, नगर में हर्ष का माहौल बना हुआ है, वही नगर के वरिष्ठ एवं राम भक्त हनुमान मंदिर पवन चौक से प्रातः 4 बजे से प्रभात फेरी भगवान के भजनों के साथ निकलते हैं अतः प्रमुख मार्गो से होते हुए पवन चौक पर पहुंच जाते हैं।

### विधानसभा के ग्राम पर्व में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर आई खुशीः पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



आष्टा विधानसभा के ग्राम पर्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष रुपेश पटेल उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर अगर आज खुशी है तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी की वजह से है पार्टी के नेताओं ने जो विकसित भारत का एक सपना देखा था जो संकल्प 1980 में लिया गया था आज मोदी सरकार में वह सभी संकल्प पूरे हो रहे हैं प्रदेश और केंद्र सरकार की योजना घर-घर तक पहुंच रही है जब जब भी देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब भारतीय जनता पार्टी ने देश को निडर नेता दिए हैं और सशक्त भारत के निर्माण किया है।

आज मोदी जी की ईमानदारी और उनकी राष्ट्र हित और जन हितेषी नीतियों के कारण ही समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार के द्वारा दिए जा रहे लाभ पहुंच रहे हैं कार्यक्रम में कैलाश जी पटेल जनपद सदस्य भील खेड़ी ज्ञान सिंह जी मंडलोई जनपद सदस्य और तहसीलदार मुकेश सांवले ने भी अपने-अपने विचार रखें कार्यक्रम में ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों को पत्रक बांटे इसके बाद मोदी जी की गारंटी वेन के द्वारा सभी ग्राम वासियों को कार्यक्रम दिखाया गया।

## एसडीएम सहित अधिकारियों को सौंपे अयोध्या के पूजित अक्षत व आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



**आष्टा।** प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रण पत्र देते हुए।

विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाए जा रहे अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण देने के लिए पूजित अक्षत पीले चावल एवं आमंत्रण पत्र वितरण का कार्य अलग-अलग टीमों द्वारा किया जा रहा है ।

विश्व हिंदू परिषद के गोपाल दास राठी के नेतृत्व में बुधवार को एसडीएम आनंद सिंह राजावत, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ आदि को अक्षत एवं आमंत्रण पत्र सौंपे गए। आज अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं पत्रक लेकर प्रांत सह मंत्री सुनील शर्मा , प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, प्रखंड नगर के कार्यकर्ता द्वारा एसडीएम आनंदसिंह राजावत, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौड़, थाना पार्वती शुक्ला एवं वरिष्ठ नागरिको को अयोध्या के रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया गया। साथी लोगों से कहा कि इसे यादगार के रूप में अपने घर के पूजा स्थल में सहेज कर रखें।